उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांकः–परीक्षा/ 300 /2021–22 दिनांकः 30 अक्टूबर, 2021

विज्ञप्ति/अधिसूचना

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–06 दिनांक 21 सितम्बर, 2016 के द्वारा पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड व उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड में **अवर अभियन्ता विद्युत एवं यान्त्रिकी प्रशिक्षु (पद कोड–52R)** के 242 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति के क्रम में पुनः आयोग के द्वारा **जनपद देहरादून एवं हल्द्वानी के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 10 जनवरी, 2021 (रविवार) को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक (प्रथम पाली) में अवर अभियन्ता विद्युत एवं यान्त्रिकी प्रशिक्षु (पद कोड–52R)** के पदों पर लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई।

उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर जारी परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में दिव्यांग श्रेणी में चयन किए जाने विषयक आयोग कार्यालय में प्राप्त प्रत्यावेदन के क्रम में मा0 आयोग के द्वारा दिनांक 02–07–2021 को लिए गये निर्णय के अनुपालन में **अवर अभियन्ता विद्युत एवं यान्त्रिकी प्रशिक्षु (पद कोड–52.1R) व (पद कोड–52.2R) के** अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित की जा रही है। उक्तानुसार चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन **दिनांक 09–11–2021 को आयोग कार्यालय** में किया जायेगा।

अतः चयनित अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी अपने समस्त वांछित मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा सम्बन्धित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक व अन्य प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र में अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व 06 पास पोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ **उक्त निर्धारित तिथि** को **प्रातः 09:30 बजे आयोग कार्यालय** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ध्यान दें कि आयोग की वेबसाइट पर **संवाद संख्या–79 के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप** संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूप को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे। साथ ही अभ्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा राज्य में कोविड–19 के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अभिलेख सत्यापन की तिथि को आयोग कार्यालय में **सभी अभ्यर्थी मास्क पहनकर व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करेंगे।**

सचिव
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून।

UTTARAKHAND SUBORDINATE SERVICE SELECTION COMMISSION

REVISED PROVISIONAL MERIT LIST FOR DOCUMENT VERIFICATION

पद कोड– 52.2 पद नाम– कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल)

S.No.	Roll No.	Name/Father's Name	Gender	Cate.	Sub Cate.	Exam Marks	Gen. Rank	Select As
		PH MERIT LIST						
1	1202520035	GOPAL SAINI S/O Mr. RAJ SINGH SAINI	MALE	OBC	PH	75.00	210	PH (1)
2	1215520036	SACHIN KUMAR S/O Mr. SEVA RAM	MALE	OBC	PH	66.50	451	PH (2)

यह श्रेष्ठता सूची पूर्णतः औपबंधिक है। श्रेष्ठता सूची की सामान्य रैंक 'उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2008 व उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या– 220/XXX(4)/2017-03(10)/2017 दिनांक 19 जुलाई, 2017 के आधार पर तैयार की गयी है। अभिलेख सत्यापन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में निर्धारित अर्हता तथा अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं व उसकी पुष्टि के आधार पर स्वीकार किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन की पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त ही अभ्यर्थी की नियुक्ति संबंधित विभाग हेतु संस्तुति की जाएगी। इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

30-X-21

परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून

UTTARAKHAND SUBORDINATE SERVICE SELECTION COMMISSION

REVISED PROVISIONAL MERIT LIST FOR DOCUMENT VERIFICATION

पद कोड– 52.1 पद नाम– कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल)

S.No.	Roll No.	Name/Father's Name		Gender	Cate.	Sub Cate.	Exam Marks	Gen. Rank	Select As
		PH MERIT LIST							
1	1202520033	BALENDRA KUMAR	S/O Mr. YESHPAL SINGH	MALE	SC	PH	71.75	297	PH (1)

यह श्रेष्ठता सूची पूर्णतः औपबंधिक है। श्रेष्ठता सूची की सामान्य रैंक 'उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2008 व उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या– 220/XXX(4)/2017-03(10)/2017 दिनांक 19 जुलाई, 2017 के आधार पर तैयार की गयी है। अभिलेख सत्यापन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में निर्धारित अर्हता तथा अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं व उसकी पुष्टि के आधार पर स्वीकार किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन की पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त ही अभ्यर्थी की नियुक्ति संबंधित विभाग हेतु संस्तुति की जाएगी। इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

30-X-21.

परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून